आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 10.01.2025 समय : 07.10**pm**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वे 2047 तक विकसित भारत के लिए सभी समस्याओं का चाहते हैं समाधान ।
- प्रदेश में भरे जाएंगे खाली पद, पीएससी तीन वर्ष के खाली पदों को एक ही वर्ष में भरेगी ।
- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर 13 ट्रेनों के प्रायोगिक ठहराव का किया शुभारम्भ।
- प्रदेश में कड़ाके की सर्दी से मिल सकती है 2-3 दिन राहत ।

**प्रधानमंत्री साक्षात्कार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जोर देकर कहा कि वे वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लिए सभी समस्याओं का समाधान चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत कार्यान्वयन होना चाहिए, उन्होंने इसे सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता का सच्चा स्वरूप बताया। प्रमुख उद्यमी निखिल कामथ को दिए एक साक्षात्कार में श्री मोदी ने यह बात कही। करीब दो घंटे के साक्षात्कार में प्रधानमंत्री ने अपनी जीवन यात्रा, शिक्षा, राजनीतिक करियर, प्रबंधन कौशल और अन्य पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि अच्छे लोगों को लगातार राजनीति में आना चाहिए, और उन्हें केवल महत्वाकांक्षा नहीं बल्कि एक मिशन के साथ ऐसा करना चाहिए।

**राष्ट्रपति -प्रवासी भारतीय दिवस**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज कहा कि प्रवासी भारतीय वैश्विक समुदाय के सामने भारत की सही तस्वीर पेश करते हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारतीय

प्रवासियों ने चिकित्सा और प्रौद्योगिकी सहित सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राष्ट्रपति आज दोपहर भुवनेश्वर के जनता मैदान में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन से पहले विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए भारतीय प्रवासियों के प्रतिष्ठित सदस्यों को प्रवासी भारतीय सम्मान भी प्रदान किया.

बैकलॉग पद-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में बैकलॉग के पदों को भरने जा रही है। पीएससी के अंतर्गत गत तीन वर्ष के जो पद हैं, उनको ही एक ही वर्ष में तीन अलग-अलग परीक्षा कराकर भरने का निर्णय भी लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को प्रदेश की लाड़ली बहनों को जनवरी माह की अनुदान राशि का अंतरण शाजापुर के कालापीपल से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को उन्नति और प्रगति के सभी अवसर प्राप्त हों इस उद्देश्य से राज्य सरकार युवा दिवस सहित बहुआयामी गतिविधियां संचालित कर रही है।

राज्यसभा समिति-कटनी

राज्यसभा की सूचना और संचार प्रौद्योगिकी प्रबंधन पर स्थायी समिति ने पहली बार कटनी शहर का दौरा किया । समिति की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद और समिति के अध्यक्ष निरंजन बिस्सी ने की. यहाँ हुई बैठकों में सार्वजनिक सेवाओं को सशक्त बनाने और नागरिकों के डेटा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए तकनीकी प्रगति के उपयोग पर मुख्य रूप से जोर दिया गया। इस अध्ययन दौरे की शुरुआत 9 जनवरी को हुई और यह कल तक जारी रहेगा. इसमें राज्यसभा सांसद गुलाम अली तथा राज्यसभा के संयुक्त सचिव डॉ. कुशल पाठक सहित अन्य सदस्य सम्मिलित हुए।

अग्निवीर भर्ती

सागर जिले के इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज के मैदान पर चल रही अग्निवीरों की भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षा में 42 जालसाज अभ्यर्थी पकड़े गए हैं। सेना के अधिकारियों ने दस्तावेज परीक्षण में इनको पकड़ा है। इनमें से कई ने आधार कार्ड, मार्कशीट में अपनी जन्मतिथि बदल दी थी, तो कई ने अपना पता ही बदल डाला। सेना के अधिकारियों द्वारा दस्तावेज जब्त कर इनको भर्ती प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया। ग्वालियर सेना भर्ती कार्यालय के डायरेक्टर कर्नल पंकज कुमार ने बताया कि ऐसे उम्मीदवारों को ब्लैकलिस्ट किया गया है।

सिंधिया अशोकनगर

केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज भोपाल मंडल के अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर 13 ट्रेनों के प्रायोगिक ठहराव और  बीना-गुना मेमू स्पेशल ट्रेन का रुठियाई स्टेशन तक विस्तारित सेवा का विधिवत शुभारंभ किया। वहीं उन्होंने चंदेरी में राजमाता विजयाराजे सिंधिया लाइब्रेरी के उद्घाटन के दौरान श्री सिंधिया ने बेटियों को सशक्त,आत्मनिर्भर और साक्षर बनाने पर जोर दिया.

**जबलपुर पुस्तक मेला**

जबलपुर में प्रतिस्पर्धी और रियायती दर पर स्कूली बच्चों को कॉपी-किताबें उपलब्ध कराने इस बार पुस्तक मेला 20 मार्च के आसपास आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि इस मेले में एक ही स्थान पर कॉपी-किताबों के साथ निजी स्कूलों की यूनिफार्म और शैक्षिक सामग्री मिलेगी.

**क्षेत्रीय रूपक महोत्सव**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर में आयोजित क्षेत्रीय रूपक महोत्सव के समापन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो रमाकांत पांडेय ने की। इस सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय , उज्जैन के कुलपति प्रो. सी.जी. विजय कुमार मेनन शामिल हुए । इस कार्यक्रम के विजेता आगामी माह में भोपाल में ही होने वाले अखिल भारतीय रूपक महोत्सव में प्रस्तुति देंगे।

मौसम

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी से कल से 2-3 दिन राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 12 जनवरी तक ग्वालियर, चंबल, रीवा, सागर और जबलपुर संभाग के जिलों में बूंदाबांदी होने के आसार है। इस दौरान दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होने का अनुमान जताया है। वहीं, कोहरा भी रहेगा। 13 जनवरी से कड़ाके की ठंड का दौर फिर शुरू होगा। इसके बाद तापमान में फिर गिरावट होगी। वहीँ कल हिल स्टेशन पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 1 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आठ शहरों में शीतलहर का असर दिखाई दिया जबकि भोपाल, शहडोल, जबलपुर और अन्य जिलों में हल्का कोहरा छाया रहा।

**समाचार संक्षेप में....**

1. रतलाम मंडल से नई दिल्ली के तमाम स्टेशनों के लिए पार्सल से संबंधित सभी गतिविधियां गणतंत्र दिवस समारोह की सुरक्षा के मद्देनजर 23 से 26 जनवरी तक बंद रहेगी।

2. छतरपुर पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने थाना सिविल लाइन क्षेत्र के ग्राम दालौन में आयोजित जन चौपाल में गांव के बुजुर्गों और नवयुवकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी।

3. सीहोर नगर पालिका परिषद के सभागार में आज ई-नगर पालिका 2.0 सॉफ्टवेयर लांच किया गया |

4. गुना कलेक्टर डॉ.सतेन्द्र सिंह ने जनपद पंचायत गुना के ग्राम पंचायत रेंझाई में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर का निरीक्षण किया।

5. कटनी में रंगनाथ थाना क्षेत्र के बरगवां स्थित मुख्य मार्ग पर एक नवनिर्मित होटल में आग लग गई। नगर निगम की फायर ब्रिगेड और पुलिस ने मुश्किल से आग पर काबू पाया।

6. भोपाल के खजूरी सड़क इलाके स्थित बायपास पर आज एक निजी कॉलेज की बस में पीछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बस में सवार एक विद्यार्थी

की मृत्यु हो गयी जबकि दो प्रोफेसर और चालक समेत करीब 35 विद्‌यार्थी घायल हो गए।



7. शिवपुरी जनपद में आज दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण प्रदाय करने व चिन्हांकन और परीक्षण के लिए आयोजित शिविर में 56 हितग्राहियों का चयन किया गया।

8. देवास जिले में 31 जनवरी सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसके तहत आज देवास शहर में परिवहन विभाग, खाद्‌य विभाग एवं यातायात विभाग द्‌वारा संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वे 2047 तक विकसित भारत के लिए सभी समस्याओं का चाहते हैं समाधान ।
- प्रदेश में भरे जाएंगे खाली पद, पीएससी तीन वर्ष के खाली पदों को एक ही वर्ष में भरेगी ।
- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर 13 ट्रेनों के प्रायोगिक ठहराव का किया शुभारम्भ।
- प्रदेश में कड़ाके की सर्दी से मिल सकती है 2-3 दिन राहत ।

....................